हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025



**बेचना है**
कार टाटा विस्टा बेचना है मॉडल 2013 एकदम जोरदार कंडीशन में रेट Fix - 1 लाख 25 हजार
मो नं. 7987124123

# जिले में बनेगा नया 100 बिस्तर वाला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिले में एक नए 100 बिस्तर वाले जिला चिकित्सालय के निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से अब गरियाबंद के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेंगी और उन्हें इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह उपलब्धि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के लगातार प्रयासों का परिणाम है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है। अब जल्द ही सरकारी प्रक्रियाएं पूरी कर नए अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ 18 करोड़ रुपए स्वीकृत

## दहशत : वन विभाग ने नागझर और पचपेड़ी गांवों में जारी किया हाई अलर्ट

# पांडुका में हाथियों के साथ-साथ बाघ के पदचिह्न मिलने से दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

पांडुका परिक्षेत्र में इन दिनों दो हाथियों ने डेरा डाला हुआ है, वहीं अब एक बाघ के पदचिह्न मिलने से लोगों में कौतूहल और दहशत का माहौल बन गया है। नागझर गांव में मिले ये बड़े पदचिह्न बाघ के होने का अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि इस परिक्षेत्र में बाघ की मौजूदगी एक हैरान करने वाली घटना है। इससे पहले धमतरी जिले के सिंगपुर और दुगली परिक्षेत्र में बाघ देखे जाने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। इस आधार पर यह कयास लगाया जा रहा है कि संभवतः नदी पार करके यह बाघ पांडुका परिक्षेत्र में पहुंचा होगा। खबर मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान ने तुरंत एडवाइजरी जारी कर दी है। वन विभाग ने नागझर और पचपेड़ी गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है, जबकि बोड़राबांधा, डीहीपारा, खरखरा, विजयनगर, कुम्हरमरा और तौरेंगा जैसे गांव भी अलर्ट पर हैं। लोगों को जंगल, खेतों और खलिहानों की तरफ न जाने की सख्त हिदायत दी गई है। वर्तमान में दोनों हाथी पोंड बीट के कक्ष क्रमांक 70 में मौजूद हैं। वन विभाग के अनुसार, अभी तक कोई जनहानि या मकान को नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन फसलें जरूर प्रभावित हुई हैं।



### वन विभाग की टीम सक्रिय



डिप्टी रेंजर बीरेंद्र ध्रुव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम, जिसमें बिट गॉर्ड लोकेश श्रीवास और राहुल श्रीवास, मनोज कुमार ध्रुव और हाथी मित्र दल के सदस्य शामिल हैं, हाथियों और बाघ दोनों पर लगातार नजर रखे हुए हैं। बाघ के पदचिह्न पोंड के कक्ष क्रमांक 67 में देखे गए हैं, जिसके बाद टोईयामुडा और गाहदर बारुका जैसे गांवों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क और सुरक्षित रहने के साथ-साथ एक-दूसरे को जानकारी देने की अपील भी की है।

**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा,ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ योजना फिर से लागू करने की मांग की

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने छत्तीसगढ़ सरकार पर 'बिजली बिल हाफ' योजना को बंद कर जनता को आर्थिक संकट में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। ध्रुव ने



कहा कि पिछली सरकार की इस योजना में 400 यूनिट तक बिजली खपत पर 50% की छूट मिलती थी। लेकिन अब इसे घटाकर सिर्फ 100 यूनिट कर दिया गया है, जिससे यह योजना लगभग बंद हो गई है। उनके अनुसार, इस बदलाव से प्रदेश के लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा नुकसान हो रहा है, जिन्हें महंगाई के इस दौर में बड़ी राहत मिली थी। ध्रुव ने बताया कि इस योजना से पहले एक सामान्य परिवार का मासिक बिल 400 से 500 रुपये आता था, जो अब दोगुना होकर 800 से 1000 रुपये हो गया है। महंगाई और बेरोजगारी के बीच यह कदम जनता के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। रामकृष्ण ध्रुव ने भाजपा सरकार से अपील की है कि वह जनता की पीड़ा को समझे और तुरंत 400 यूनिट तक की छूट वाली योजना को फिर से लागू करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे पर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो जनता का विरोध और संघर्ष तेज होगा, क्योंकि यह लड़ाई आम जनता के हक और राहत की है।

### जिले के दो शिक्षकों का राज्य शिक्षक सम्मान के लिए चयन

**गरियाबंद।** शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इस वर्ष गरियाबंद जिले के दो शिक्षकों, छुरा विकासखंड से ओमेश्वरी साहू



और मैनपुर से अनिल कुमार अवस्थी, का वर्ष 2025-26 के राज्य शिक्षक सम्मान के लिए चयन किया गया है। यह घोषणा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने राजभवन में की। विकासखंड छुरा के शासकीय प्राथमिक शाला आसरा की शिक्षिका ओमेश्वरी साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचारी कार्यों और पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान के लिए चुना गया है। श्रीमती साहू लगातार बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप रोचक और नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से पढ़ा रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी उल्लेखनीय काम किया है। उन्होंने 'बाल कैबिनेट' का सफल क्रियान्वयन किया, जिसके तहत बिना किसी बाउंड्री के 19 पौधों को सुरक्षा और संरक्षण दिया गया, जो अब पेड़ बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के अनुरूप है। अगले वर्ष शिक्षक दिवस के दिन राज्यपाल द्वारा राजभवन में ओमेश्वरी साहू और अनिल कुमार अवस्थी को सम्मानित किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला और विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावाले सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।

## निधन

### मोनू साहू

**राजिम।** रांवड़ निवासी मोनू साहू उम्र 26 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार



गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए। वे ओमप्रकाश साहू के बेटे थे।

# धान की हरूना किस्म में आने लगी हैं बालियां, किसानों में हर्ष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में, विशेषकर रसेला और उसके आसपास के गांवों में, धान की हरूना किस्म में बालियां निकलना शुरू हो गई हैं। यह एक जल्द पकने वाली किस्म है, जिसकी कटाई दशहरा पर्व के आसपास हो जाती है, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। क्षेत्र के किसान हरुना, एक हजार दस, सिल्खी, मंजू, और गोल्ड साठिया जैसी जल्दी पकने वाली किस्मों की खेती करते हैं। किसानों को उम्मीद है कि यदि मौसम अनुकूल रहा, तो इस साल भी अच्छा उत्पादन होगा।

## फसलों को सुरक्षित रखने कड़ी मेहनत कर रहे हैं किसान



### मजदूरों की कमी से परेशानी

इस क्षेत्र में फिलहाल निंदाई (खरपतवार निकालने) का काम भी चल रहा है। किसानों ने बताया कि खेती के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं, लेकिन मजदूरों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस वजह से कई किसान अभी भी खेतों में निंदाई का काम करते दिख रहे हैं। किसानों, जिनमें डीआर यादव, जनक राम यादव, कृष्णा साहू, और संतराम नेताम जैसे लोग शामिल हैं, ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी हरुना किस्मों में बालियां समय पर निकलना शुरू हो गई हैं।

फिलहाल खेतों में फसल के हिसाब से पर्याप्त पानी है, जिससे फसल की बढ़वार अच्छी हो रही है।

### फसलों को रोगों से बचाने का प्रयास

हालांकि, कई किसानों ने धान की फसल में पत्ता मोड़, ब्लाईट, तनाछेदक और ब्लास्ट जैसी बीमारियों की शिकायत की है। इन रोगों से फसल को बचाने के लिए किसान कृषि अधिकारियों से सलाह लेकर अपनी फसलों पर दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। बालियों के पूरी तरह पकने में अभी कुछ समय है, इसलिए किसान अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**आयोजन : गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता**

# धर्म का पालन करना हम सबका परम कर्तव्य है : विधायक रोहित





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर पंचायत राजिम के तत्वावधान में इस वर्ष गणेश उत्सव विसर्जन के लिए झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और नगरवासियों के अनुरोध पर सभी झांकियों का विसर्जन एक ही दिन, 6 सितंबर को किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे नगर की समितियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाम 5 बजे से लेकर रात 2 बजे तक पूरे शहर में गणेश विसर्जन उत्सव का माहौल देखते ही बन रहा था। एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही थीं, और भगवान श्री गणेश जी के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। खास बात यह रही कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए डीजे का उपयोग पूरी तरह से वर्जित था। इसके बावजूद, कई झांकियों में ढोल, नगाड़े, बैंड और दफड़ा बाजा की गूंज से माहौल भक्तिमय बना हुआ था। झांकी प्रतियोगिता के परिणाम और सम्मान समारोह में विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, थाना प्रभारी अमृत लाल साहू और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक रोहित साहू ने एक साथ विसर्जन को एक सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि यह नगर की धार्मिक और पौराणिक पहचान को मजबूत करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने भी इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए नगरवासियों और समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। थाना प्रभारी अमृत साहू ने इस वर्ष शांतिपूर्ण तरीके से गणेश उत्सव मनाए जाने और डीजे के उपयोग से बचने के लिए सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक साथ विसर्जन करना बहुत ही बढ़िया और शानदार कदम है। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया, और आभार सभापति भारत यादव ने व्यक्त किया।

■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हुआ पालन

### निर्णायक आलोक ने परिणामों की घोषणा की

**प्रथम स्थानः** स्मृति गणेश उत्सव समिति (ब्राह्मण गुड़ी चौक) - 15,000 और स्मृति चिन्ह।
**द्वितीय स्थानः** ओम गणेशाय समिति (पटेल पारा) - 10,000 और स्मृति चिन्ह।
**तृतीय स्थानः** राज गणेश उत्सव समिति (थाना पारा) - 5,000, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र।

# ऑनलाइन खरीदे गए 300 से ज्यादा चाकू जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस ने चाकूबाजी की घटनाओं और सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अलग-अलग थानों में कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ऑर्डर किए गए कुल 300 धारदार चाकू जब्त किए हैं। जब्त किए गए चाकुओं में पेन चाकू, बटन चाकू और पॉकेट चाकू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये धारदार चाकू ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आसानी से और कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जिससे युवा इन्हें शौक या दिखावे के लिए खरीद रहे थे। इन हथियारों का इस्तेमाल कई बार अपराधों में भी किया गया है। इसके अलावा, युवा सोशल मीडिया पर इन चाकुओं के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे थे, जिससे समाज में नकारात्मकता फैल रही थी। इस अभियान के दौरान पुलिस ने पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे लोगों पर भी कार्रवाई की है। गरियाबंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है जो लोगों को डराने या धमकाने के लिए चाकू या कोई अन्य धारदार हथियार रखता है, तो वे तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि जानकारी देने वाले की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

# पूरन लाल ने जन्मदिन पर स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





शासकीय प्राथमिक शाला मड़वाडीह में सोमवार को एक अनूठा 'न्योता भोज' कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों को भोजन कराया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के साथ-साथ खीर, पूड़ी, पापड़ और जलेबी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन भी परोसे गए। पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत दानदाता विशेष अवसरों पर बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन का दान कर सकते हैं। यह सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देता है और बच्चों को बेहतर पोषण प्रदान करता है।

संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि न्योता भोज के लिए व्यक्ति या संस्था अपने जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर स्कूल में बच्चों को भोजन करा सकते हैं। इस अवसर पर पूरन लाल साहू ने सभी विद्यार्थियों को कलम भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही, उन्होंने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए शाला परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक भुवन यदु सहित कई शिक्षक और स्कूल स्टाफ मौजूद थे।

# एनएचएम कर्मचारियों ने किया जल सत्याग्रह







हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

अपनी लंबित मांगों को लेकर पिछले 23 दिनों से हड़ताल कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा अधिकारी-कर्मचारियों ने मंगलवार को अपने आंदोलन को और तेज कर दिया। सरकार की चुप्पी से नाराज होकर उन्होंने गरियाबंद के चिन्ह तालाब में जल सत्याग्रह शुरू कर दिया। मंगलवार दोपहर, जिलेभर से आए एनएचएम के कर्मचारी तालाब के पानी में उतरकर कई घंटों तक खड़े रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों पर तत्काल ध्यान देने की अपील की। कर्मचारियों ने दमनकारी नीति नहीं चलेगी और सरकार होश में आए जैसे नारे लगाए। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से सेवा शर्तों में सुधार, नियमितीकरण और वेतनमान जैसी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन 23 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार ने कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। जल सत्याग्रह में शामिल पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द कोई पहल नहीं की गई, तो वे आंदोलन को और भी उग्र करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और मरीजों की सेवा को देखते हुए अब तक संयम बनाए रखा गया था, लेकिन सरकार की चुप्पी ने उन्हें यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है।

■ कर्मचारी तालाब के पानी में उतरकर कई घंटों तक खड़े रहे

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गांवों में बनी रहती है एकताः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम मुस्की में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन रखा गया था। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू उपस्थित हुए। नवयुवक उत्सव समिति के सदस्यों ने तुषार साहू का पुष्प गुच्छ, चंदन, गुलाल लगाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में तुषार साहू ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों में एकता बनी रहती है। सभी समुदायों को शामिल करने वाले त्योहारों, लोक संगीत और नृत्य, पारंपरिक खेलों और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनों का आयोजन किया जा सकता है, जो आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में कमलेश पटवारी, पोषण साहू, घनश्याम निषाद, सदानंद निषाद, संतोष कोतवाल, संतराम यादव, सुरेश, महेश, जितेश, हर्ष, शेष कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

# फिंगेश्वर कॉलेज में छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर विशेष कार्यशाला



### छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से बताया 25 सालों का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना और इंडियन यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़/50 और विकसित छत्तीसगढ़/2047 थीम पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने अपने संबोधन में कहा कि इस जयंती का उद्देश्य प्रदेश के गौरव को बढ़ाना और इसमें आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन 25 सालों में छत्तीसगढ़ की दशा और दिशा दोनों बदली है, और आज यह एक विश्व स्तरीय राज्य के रूप में जाना जाता है। कार्यशाला में स्वयंसेवकों ने संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वर्ष 2000 में राज्य निर्माण से लेकर अब तक के सफर को दिखाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति के विभिन्न पहलुओं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए परिवर्तनों को स्थानीय समुदाय और कॉलेज के छात्रों के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

**कार्यक्रम की सफलता में छात्रों का विशेष योगदान-** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायिका सोहद्रा सिन्हा और विनिशा साहू, दीवा संगठक फनेश्वरी साहू और सांस्कृतिक प्रभारी लोकेश्वरी साहू सहित कई स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों ने इस कार्यशाला को यादगार बना दिया।

**ऊपरवारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस**

# छात्रों ने रिटायर्ड शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



अभनपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊपरवारा नवा रायपुर में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ अध्यक्ष रोशन कुमार गिलहरे व शाला विकास समिति अध्यक्ष भागीरथी साहू ने किया। विशेष अतिथि आनंद राम साहू, राजू भाई तारवानी व जनपद सभापति संतराम साहू उपस्थित रहे। वहीं आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला चंडी में सरपंच राजू धीवर, समिति अध्यक्ष गीतमाला मरकाम, उपाध्यक्ष पालेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि रंजीत खापर्डे सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षकों को ग्रीटिंग कार्ड और पेन भेंट किए। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं कु. अदिति कुर्रे, कु. वंदना सोनवानी, नेहाल साहू और समीर नेताम को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला अभनपुर बस्ती में रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर (एलुमनी) पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम हुआ। संस्था प्रमुख राममिलन सोनवानी की अध्यक्षता एवं डलर अध्यक्ष परमेश्वरी गहरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में टिकेन्द्र ठाकुर, घनश्याम सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, शोभाराम गिलहरे, लक्ष्मण लाल यादव, पन्नालाल सिन्हा, गुलाब सिंह सिन्हा, ओंकार साहू, गजेन्द्र डहर्जी एवं तुलाराम राजे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य हेतु प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### गोना मोड़ के पास मुख्य सड़क पर जानलेवा गड्ढा

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड में गोना से गरीबा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। खासकर गोना मोड़ के पास सड़क की हालत बेहद खराब है, जहां बारिश के पानी से गड्ढे भर जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की है और मरम्मत की मांग भी की है, लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी बार-बार की अपील के बावजूद अधिकारियों का लापरवाह रवैया समझ से परे है। इन गड्ढों की वजह से यह सड़क लोगों के लिए खतरा बन गई है, और प्रशासन की अनदेखी से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग की है ताकि लोगों को सुरक्षित यात्रा मिल सके।

### बाजार जाते समय बुजुर्ग की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

**छुईहा बेलर।** बेलर गांव के साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को खरीदारी करने जा रहे एक 59 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक मौत हो गई। यह घटना ऐन कुमार गुप्ता की दुकान के सामने एक निर्माणाधीन मंदिर के चबूतरे पर हुई। मृतक की पहचान ग्राम गनियारी निवासी गजाधर साहू के रूप में हुई है। परिजनों और मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गजाधर साहू अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर बाजार जा रहे थे। रास्ते में वे अपने परिचित, एक मिस्त्री, से बात करने के लिए रुके थे। बातचीत के दौरान ही उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की और वहीं बैठ गए, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि उनकी मौत का कारण हृदयगति का रुक जाना (हार्ट अटैक) है। अचानक हुई इस घटना से आसपास मौजूद लोग हैरान रह गए। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुँचे और शव को अपने गाँव ले गए। ग्रामीण गजाधर साहू को एक मिलनसार और सरल स्वभाव का व्यक्ति बताते हैं, और उनकी असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। इस दुखद समय में गया राम सिन्हा नामक ग्रामीण परिजनों को सहयोग कर रहे हैं।

### कचना घुरवा कॉलेज में एल्युमनी मिट 2025 का आयोजन 12 को

**छुरा।** विकास खंड में सर्वप्रथम स्थापित निजी कचना घुरवा कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर एल्युमनी मीट 2025 का आयोजन 12 सितंबर शुक्रवार को किया जा रहा है। महाविद्यालय में अध्ययनरत रहे पूर्व छात्र-छात्राओं के स्वागत एवं स्नेह मिलन का यह कार्यक्रम को विशेष बनाने में लगे महाविद्यालय स्टॉप एवं छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। महाविद्यालय के छात्र रहे प्राध्यापक विनोद यादव ने बताया कि राज्य शासन एवं विश्व विद्यालय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्थापना वर्ष 2005 से अब तक अध्ययनरत रहे सभी छात्र-छात्राओं तक को आमंत्रित किए जा रहे है। सब की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगा।जिसकी तैयारी में सभी लगे हुए है।

पेज 11 का शेष...

### जिले में बनेगा नया...

के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। साहू ने कहा कि यह नया अस्पताल न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं देगा, बल्कि जिले के लोगों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जन स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में इसमें और भी अधिक सुविधाएं जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# प्राध्यापकों का सहयोग और मार्गदर्शन जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : साहू

## श्री कुलेश्वर महादेव कॉलेज में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, में स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भूतपूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न सत्रों में अध्ययनरत रहे छात्र-छात्राएं पुनः अपने पुराने परिसर में एकत्र हुए और महाविद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य मधुरानी शुक्ला ने सभी आगंतुक भूतपूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र-छात्राएं किसी भी संस्थान की धरोहर होती हैं। उनकी उपलब्धियां संस्था का गौरव बढ़ाती हैं और वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर अनेक पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में अपने अनुभव साझा किए तथा वर्तमान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। भूतपूर्व छात्र तेजेश्वर ने कहा कि इस महाविद्यालय ने हमें न केवल शिक्षा दी बल्कि जीवन मूल्यों को भी सिखाया। यहां का वातावरण हमेशा हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा है। हिमानी साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा की यहां के प्राध्यापकों का सहयोग और मार्गदर्शन मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। आज भी मैं खुद को इस परिवार का हिस्सा मानती हूं। सोनिया निषाद ने कहा महाविद्यालय में बिताए गए पल अविस्मरणीय हैं। इस सम्मेलन ने हमें फिर से उन्हीं सुनहरे दिनों में लौटा दिया।



### सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक टिकेश्वर मरकाम द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. उपाध्याय ने कहा कि भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का यह सम्मेलन न केवल हमें पुरानी यादों से जोड़ता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। पूर्व छात्रों के अनुभव और सुझाव महाविद्यालय की प्रगति में निश्चित ही सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जीना निषाद एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे जिनमें एसआर वड्डे, डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, डॉ. अनीता साहा, श्वेता मिश्रा, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूषकांत भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, पुष्पलता कंवर, साक्षी मेश्राम, सभी अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी एवं भूतपूर्व तथा वर्तमान छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से सम्मिलित थे। कार्यक्रम में आए सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। भूतपूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन ने पुराने और वर्तमान पीढ़ी के बीच एक सेतु का कार्य किया तथा महाविद्यालय परिवार में आत्मीयता और सहयोग की नई ऊर्जा का संचार किया।

## प्रदर्शन : शराब लेने आए ग्राहकों को शरबत पिलाया, प्रदर्शन स्थगित

# शराब दुकान हटाने की मांग पर ग्रामीणों का धरना, 40 दिन का मिला लिखित आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- शराब दुकान हटाने अनोखा प्रदर्शन दुकान के सामने हवन पूजन

जिले के देवभोग के सोनामुंदी में संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर आज वार्ड के महिला-पुरुषों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद विनोद पांडे और भंवरसिंह पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने आबकारी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस प्रदर्शन को सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षण संस्थान के संचालक मंडल, पालक, और गायत्री परिवार के सदस्यों का भी समर्थन मिला। महिलाओं में इस मुद्दे पर भारी आक्रोश देखा गया। सुबह से ही देवभोग पुलिस धरना स्थल पर मुस्तैद थी, और आबकारी विभाग के अधिकारी भी प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे, लेकिन ग्रामीण लिखित आदेश मिलने पर ही धरना खत्म करने पर अड़े रहे। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले दो वर्षों से शराब दुकान को हटाने की मांग की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार कलेक्टर, प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री तक से इस बारे में गुहार लगाई, लेकिन आबकारी विभाग ने राजस्व का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने लोगों की भावनाओं को दरकिनार कर अपनी दुकानदारी को प्राथमिकता दी। पार्षद विनोद पांडे ने बताया कि दुकान हटाने के लिए नए स्थल का चयन और टेंडर प्रक्रिया भी शुरू की गई थी, लेकिन पूर्व जिला आबकारी अधिकारी की मनमानी के कारण दुकान हटाई नहीं जा सकी।




### लिखित आश्वासन के बाद स्थगित हुआ धरना

जब ग्रामीण किसी भी हाल में हटने को तैयार नहीं थे, तब आबकारी विभाग के सब-इंस्पेक्टर रजत सिंह ठाकुर ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लिखित आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 40 दिनों के भीतर दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इस लिखित आश्वासन के बाद ही प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त किया। इसी दौरान, गायत्री परिवार ने शराब दुकान के सामने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर विरोध दर्ज कराया।

### क्यों हटाना चाहते हैं ग्रामीण दुकान?

जब 10 साल पहले यह दुकान खोली गई थी, तब यह क्षेत्र आबादी से दूर था। लेकिन अब सोनामुंदी देवभोग नगर पंचायत का वार्ड बन गया है और आबादी बढ़ गई है।

दुकान से महज 100 मीटर की दूरी पर एक विद्यालय है, और छात्रों का रास्ता इसी दुकान के सामने से होकर गुजरता है। शराबी अक्सर विद्यालय परिसर और मुख्य द्वार तक पहुंच जाते हैं। नियमों के खिलाफ अहाते में प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे आसपास के क्षेत्र और विद्यालय परिसर में गंदगी फैल रही है। गायत्री शक्तिपीठ के पास होने से शाम को यहाँ शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था भी प्रभावित होती है।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का सोमवार सुबह राजिम में जोरदार स्वागत किया गया। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं और मातृशक्तियों ने आतिशबाजी कर, फूल माला पहनाकर और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंजू नायक और अन्य कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि विभा अवस्थी के नेतृत्व में महिला मोर्चा संगठन और मजबूत होगा और भविष्य में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने उनके आगमन को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक बताया, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र राजू सोनकर ने कहा कि विभा अवस्थी का अनुभव संगठनात्मक मजबूती के लिए बहुत फायदेमंद होगा, जबकि मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने इस ऐतिहासिक स्वागत को कार्यकर्ताओं की एकजुटता का प्रतीक बताया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महिलाओं की शक्ति और सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार काम करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं के स्नेह और उत्साह के लिए आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया।

# शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य अलंकरण 2025 में, शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। समीक्षा गायकवाड़ को शिक्षा में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान के प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला-संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, अंधविश्वास उन्मूलन और जन-जागरूकता जैसे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। समारोह के दौरान एक विशेष परंपरा के तहत, चयनित शिक्षकों के दूध मिश्रित जल से चरण प्रक्षालन किए गए, जिसके बाद उन्हें तिलक-चंदन, महाआरती और मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हित नारायण टंडन ने कहा कि ऐसा सम्मान शिक्षकों को जीवनभर प्रेरित करता है। वहीं, पद्मश्री अजय मंडावी ने शिक्षकों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, मैं मूर्तियों को नहीं गढ़ता, इंसानों को गढ़ता हूँ। शिक्षक वही है जो समाज के लिए इंसान गढ़ता है। इस अवसर पर इसरो साइंस एक्टिविस्ट नीरज वर्मा ने बस्तर के चयनित छात्रों को श्रीहरिकोटा भ्रमण कराने की योजना साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला ने की। मंच पर कालिदास नाकाड़े यंग खगोल विज्ञान समूह, नागपुर, रश्मि वर्मा सहित कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस समारोह में शिक्षा रत्न सम्मान के अलावा, महर्षि वशिष्ठ सम्मान, सरस्वती पुत्र सम्मान और उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान भी प्रदान किए गए।



### योगिता सिन्हा को समाजसेवा एवं महिला उत्थान के लिए मिला सम्मान




नवापारा-राजिम। छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थान वक्ता मंच द्वारा नवापारा नगर की वरिष्ठ समाजसेवी योगिता सिन्हा को उनके सामाजिक उत्थान एवं उनके महिला स्वालंबन के कार्यों के लिए सम्मानित किया है। राजधानी रायपुर के वृन्दावन सभागृह में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवॉर्ड का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर सुमेधा श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अग्रवाल के करकमलों से योगिता सिन्हा को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान उपरांत समाजसेविका योगिता सिन्हा ने कहा कि विगत वर्षों में स्लम बस्तियों के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। दिव्यांग बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके हुनर को मंच देने का कार्य कर रही है। महिलाओं को स्वालंबी,युवाओं को हुनरमंद एवं छात्र छात्राओं को शिक्षा में सहयोग एवं आगे बढ़ाने के लिए पृथ्वी फाउंडेशन के माध्यम से कई रचनात्मक कार्य किए जा रहे है। समाजसेवी योगिता सिन्हा को सम्मान प्राप्त होने पर विधायक इंद्र कुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तनु मिश्रा,धीरज साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, हर्षा कंसारी, सविता गोस्वामी, सोनल महाड़िक, अशोक गंगवाल एवं नगर के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाये दी है।

# जीएसटी सुधारों से भारत बनेगा आर्थिक महाशक्ति : जगदीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पूर्व प्रदेश महामंत्री और धमतरी के पूर्व महापौर जगदीश रामू रोहरा ने गरियाबंद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में किए गए बड़े सुधारों की सराहना की। रोहरा ने बताया कि केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लैब को कम किया है, जिससे आम जनता और व्यापार जगत को बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि कई जरूरी चीजों पर टैक्स को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, और कई उत्पादों पर कर में 10% तक की कटौती की गई है। इन सुधारों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सबसे ज़्यादा फायदा होगा। रोहरा ने बताया कि अब कई उत्पादों के दाम कम होंगे, जिनमें तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, पनीर, सिलाई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और ऑटोमोबाइल उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य और जीवन बीमा भी अब सस्ते हो गए हैं। किसानों के लिए भी ये सुधार लाभकारी साबित हो रहे हैं। रोहरा के अनुसार, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर और जैव कीटनाशकों पर जीएसटी घटाकर 5% कर दिया गया है। उन्होंने जीएसटी की सफलता के आंकड़े भी साझा किए। जीएसटी लागू होने के बाद से करदाताओं की संख्या 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गई है। वहीं, 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सिर्फ चार साल में दोगुना हो गया है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

रोहरा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल सिर्फ राजनीति कर रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहकर मजाक उड़ाया था, लेकिन अब उन्हीं सुधारों का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीएसटी अब वास्तव में गुड एंड सिंपल टैक्स बन गया है और इसे सस्ती राजनीति का शिकार नहीं बनाना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा और चंद्रशेखर साहू सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

## शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जनसेवा और प्रकृति संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में दिया उत्कृष्ट योगदान

# शिक्षक महेंद्र पंत कर्मवीर शिक्षक अलंकरण सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/राजिम

राज्य स्तरीय संस्था प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संगठन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला धमनी के शिक्षक महेंद्र पंत को राज्य स्तरीय कर्मवीर शिक्षक अलंकरण सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जनसेवा और प्रकृति संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन कुरुद के प्रथम अरोरा फाउंडेशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हित नारायण टंडन, संत गुरुघासीदास कॉलेज कुरूद के सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष थे। समारोह की अध्यक्षता प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा के अभिषेक शुक्ला ने की। इस अवसर पर पद्मश्री अजय मंडावी, इसरो साइंस एक्टिविस्ट नीरज वर्मा और अन्य प्रमुख हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ हुई। अतिथियों ने सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों के चरणों का दूध से प्रक्षालन किया, तिलक लगाया और महाआरती कर उनका अभिनंदन किया। इसी क्रम में शिक्षक महेंद्र पंत को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह, मेडल, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



### शिक्षा और समाज के लिए निरंतर कार्य

शिक्षक महेंद्र पंत अपने विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों में नव अन्वेषण, नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा, डिजिटल स्मार्ट क्लास, और प्रिंट रिच वातावरण का निर्माण शामिल है। वे सामुदायिक सहभागिता और माता उन्मुखीकरण के माध्यम से भी शिक्षा को बेहतर बना रहे हैं। शिक्षा के अलावा, वे साहित्य लेखन के माध्यम से भी सामाजिक कार्यों में योगदान देते हैं। उनकी कविताएँ शिक्षा के महत्व, नारी जागरण, नशा उन्मूलन और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर केंद्रित होती हैं। इसके साथ ही, वे पिछले एक दशक से राजिम कुंभ में मंच संचालक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह सम्मान उनके इन्हीं सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इससे पहले भी वे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं.    / ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम गंजईपुरी प.ह.नं. 04

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति सगनी बाई पति लखन जाति गोंड़ निवासी ग्राम-गंजईपुरी तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. के द्वारा ग्राम गंजईपुरी प.ह.नं. 04 रा.नि.म. सड़कपरसूली तहसील व जिला गरियाबंद में आवेदक अपने ससुर स्व. श्री परदेशी का मृत्यु दिनांक 28/04/2023 को हो गया था। जिसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रदाय करने हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पेश किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 17/09/2025 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार गरियाबंद**

## खबर संक्षेप



### आदि कर्म योगी अभियान के तहत प्रशिक्षण का आयोजन

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक भवन में जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त बनाने आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा एंव अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बालक आश्रम शाला तौरेंगा के दो छात्रों का प्रयास में चयन



**मैनपुर**। शासकीय बालक आश्रम शाला, तौरेंगा विकास खंड मैनपुर के दो प्रतिभाशाली छात्र कमल चंद एवं विजय कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर प्रतिष्ठित प्रतियोगिता "प्रयास" में चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि न केवल बच्चों के परिश्रम का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के शैक्षिक वातावरण का भी प्रतीक है। इन छात्रों की सफलता में विद्यालय की शिक्षिका कल्पना यादव का विशेष योगदान रहा। उनके सतत परिश्रम, स्नेहिल मार्गदर्शन और शैक्षिक सहयोग ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक तुलसी साहू, आश्रम अधीक्षक महेश नेताम, प्राथमिक प्रधानपाठक बनवाली मरकाम, साजिद बेग, कल्पना यादव, भोमराज देवांगन, पूर्णिमा बारले, प्रेमलता चक्रधारी तथा पूरे विद्यालय परिवार ने दोनों चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पितरों का आगमन शुरू



**मुड़ागांव (कोरासी)**। पितृपक्ष का पावन पर्व सोमवार से शुरू हो गया है। पितरों की तृप्ति के लिए लोग तर्पण कर रहे हैं। इस दौरान, गांवों में कामकाज बंद रखा गया और घरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू हुआ यह पितृपक्ष, अब आश्विन मास तक पूरे 15 दिनों तक चलेगा। पहले दिन, जिसे बैसकी कहा जाता है, लोगों ने अपने घरों के आंगन में गोबर से लिपाई कर आटे का चौक बनाया और पितरों का आह्वान कर उन्हें विराजित किया। सुबह स्नान के बाद सबसे पहले पितरों को तर्पण अर्पित किया गया। पंडित युवराज शर्मा के अनुसार, इस दौरान लोग अपने पूर्वजों को तर्पण और श्राद्ध के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पितृपक्ष का समापन अमावस्या को पितृ विसर्जन के साथ होगा।
धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के इन 15 दिनों में किसी भी तरह के शुभ कार्य, जैसे नए वाहन, कपड़े, या बर्तन खरीदना अशुभ माना जाता है। यह समय पूरी तरह से पितरों को समर्पित होता है।

**उपेक्षा : ग्रामीणों की मांग के बावजूद मैनपुर के मोतीपानी में नहीं पहुंचे शिक्षा अधिकारी**

# मोतीपानी का स्कूल भवन जर्जर, पेड़ के नीचे और झोपड़ी में बच्चे पढ़ने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें सहित पुरे प्रदेश में बेहतर शिक्षा व्यवस्था की दम भरते नही थक रहे है, और आज शहरो व राजधानी के बच्चों को स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है बावजूद इसके ठीक विपरीत गरियाबंद जिले के मैनपुर आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र के बीहड़ वंनाचल में बसे ग्रामो में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति सुधरने के बजाय लगातार बिगडती जा रही है और ग्रामीणों के द्वारा मांग करने के बावजूद व्यवस्था सुधारने वाले जिम्मेदार इस अधिकारी समस्याओं का समाधान करना तो दुर इस ओर झांक कर देखना भी पंसद नही कर रहे है तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर मोंगराडीह से तीन किलोमीटर घने जंगल के अंदर बसा ग्राम मोतीपानी में शासन प्रशासन द्वारा वर्षों पूर्व बकायदा प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कर स्कूल प्रारंभ किया गया लेकिन घटिया स्तर के भवन निर्माण के कारण समय से पहले भवन जर्जर हो गया, और बच्चे जान जोखिम में डालकर पढाई करने मजबूर हो रहे थे तब जर्जर भवन छुत टूट टूटकर गिर रहा था तो शिक्षकों ने स्कूल का संचालन पेड़ के नीचे प्रारंभ किया बच्चों की समस्या को देखते हुए ग्रामवासियों ने चंदा एकत्र कर कच्ची मिटटी का एक कमरे का झोपडी बनाकर पिछले तीन वर्शो से मोतीपानी में शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है, झोपडी के एक कमरे के भीतर पांच कक्षा संचालित किया जा रहा है, एक कमरे के भीतर कैसे पांच कक्षा संचालित किया जा रहा होगा जो सोचने को मजबूर करता है।

### बीईओ और शिक्षा विभाग के अफसर अब तक नहीं पहुंचे



शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हुलार सिंह, नवल सिंह, सगरू राम, प्रेमलाल, अर्जन कुमार ने बताया कि जर्जर स्कूल के कारण ग्रामीणों ने अपने स्वंय चंदा एकत्र कर एक कमरे का निर्माण कर स्कूल का संचालन कर रहे है, इसकी बदहाल स्थिति के संबंध में मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय पहुचकर कई बार लिखित में आवेदन दिया जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान करना तो दुर आज तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी या कोई भी शिक्षा विभाग के अधिकारी इस गांव तक नही पहुचे है, हालांकि इस गांव में नया स्कूल भवन स्वीकृत है लेकिन निर्माण कार्य पिछले दो वर्शो से अधुरा पड़ा हुआ है जब निर्माण कार्य की कोई मानिटरिंग ही नही होगा तो सबंधित कार्य एजेंसी भी निर्माण कार्य को बंद कर दिया है।

### कलेक्टर से लगाई गुहार

ग्राम मोतीपानी के ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं छत्तीसगढ़ सरकार से मांग किया है कि इस गांव वालों की समस्या को देखते हुए आदिवासी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।

### बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ाई करने मजबूर



हरिभूमि की टीम ने ग्राम मोतीपानी पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तो यहां शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन झोपडीनुमा एक कमरे में किया जा रहा है, जहां कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं और इसकी दर्ज संख्या 41 छात्र- छात्रओं की है, इन्हे पढ़ाने के लिए शासन द्वारा 02 शिक्षक की व्यवस्था किया गया है, स्कूल झोपडीनुमा कमरे में सामने हिस्सा पुरा खुला है जिसके कारण यहां स्कूल के रजिस्टर व अन्य दस्तावेज भी रखना सुरक्षित नहीं है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक साथ एक कमरे के भीतर पांच कक्षाओं को बच्चों को एक साथ पढ़ाना किसी जादूगरी से कम नहीं है, क्योंकि कक्षा पहली और कक्षा पांचवी के छात्र एक साथ क्या पढाई करते होंगे इसकी स्वंय आंकलन किया जा सकता है।

# दो दर्जन छात्रों को मिली नौकरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा, कोसमी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के तहत एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग दो दर्जन छात्रों को नौकरी मिली। यह कार्यक्रम इसलिए भी खास था, क्योंकि यह विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस, 9 सितंबर, को हुआ। इस जॉब फेयर में कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एचडीएफसी बैंक, आदित्य थिंकमस डिजिटल, एम डी स्टूडियोज, बीएमबी एडुकॉम, सशक्त इंटरप्राइजेज, स्फाई इंटरप्राइजेज, अक्षयानी आईटी सॉल्यूशन, आईएलएस हॉस्पिटल, टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन और आउगतेक नेक्सटवेल्थ आईटी सर्विस शामिल थीं। इन कंपनियों ने विश्वविद्यालय के साथ-साथ अन्य कॉलेजों से आए छात्रों का भी चयन किया। भाग लेने वाले छात्रों को अपने रिज्यूमे, पासपोर्ट साइज फोटो और पहचान पत्र साथ लाने को कहा गया था। कई छात्रों को इंटरव्यू के तुरंत बाद ही नौकरी के ऑफर मिल गए, जिससे इस आयोजन की सफलता साबित हुई। छात्रों ने इसे अपने करियर की शुरुआत के लिए एक शानदार अवसर बताया।

■ **आईएसबीएम विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप का हुआ आयोजन**

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा की आज के प्रतिस्पर्धी युग में सिर्फ डिग्री काफी नहीं है, व्यावहारिक अवसर भी जरूरी हैं। हमारा लक्ष्य है कि छात्र कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक दुनिया में लागू कर सकें, और यह जॉब फेयर उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन न सिर्फ रोजगार प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि इसने आईएसबीएम विश्वविद्यालय की इंडस्ट्री से जुड़ने की पहल को भी मजबूती दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज नीरज कुमार निकुम्भ, टाकेश्वर कौशिक, राजेंद्र साहू और युगलकिशोर राजपूत को जाता है।

# कालोनी शाला के एलुमिनी कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अनुभव किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर के हृदय स्थल पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला/पूर्व ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्षगांठ अवसर पर रजत जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र/छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकमचंद राठी एवं संतोष अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू शामिल हुए। इस अवसर पर टीकमचंद राठी ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से पुरानी यादें ताजा होती हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। पूर्व छात्र ललित शर्मा ने भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर भावुक पलों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि बीईओ धनेश्वरी साहू ने कहा कि यह शासन की सराहनीय पहल है, जिससे पूर्व छात्रों को अपने विद्यालय से पुनः जुडने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सभी से शाला विकास के लिए सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने भी पूर्व छात्र की तरह बैच में बैठकर अपने अनुभव साझा किए। शाला विकास हेतु टीकमचंद राठी एवं संतोष अग्रवाल ने 11-11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। लक्ष्मी शर्मा व उनके परिवार ने वॉटर प्यूरीफायर देने की घोषणा की, वहीं पार्षद नीलकमल गिलहरे ने पार्षद निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व छात्र-छात्रा शिव शर्मा, खिलेश्वरी साहू,पुष्पराज चक्रधारी,किशोर गिरेपुंजे, ओमप्रकाश शर्मा, रानी गुलाटी, प्रशान कुमार, शुक्ल, प्रकाश कुमार,इमरान खान,गौतम नवरंगे,डॉ गणेशी लाल शर्मा,दिनेश गिरेपुंजे, कपूर भारती, जितेन्द्र सिन्हा,डोमेश सिंह, प्रमोद सिन्हा,ललित शर्मा,भूपेन्द्र पटेल,हेमंत अग्रवाल, चन्द्रशेखर, मिथलेश, फिरोज खान, राहुल राठी, डोली शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, दीपक गिलहरे, गायत्री, देविका विश्वकर्मा, वरूण राठी,गिरीश शर्मा, डालचंद गुप्ता,मलकीत गुलाटी,ऋति पाण्डेय, खुशवंत सिन्हा,शशि ठक्कर,मनीष जैन सहित विद्यालय स्टॉफ व एसएमसी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद गरियाबंद जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यलय में फूलमाला और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने सर्वप्रथम आत्मीय स्वागत के लिए महिला मोर्चा को धन्यवाद दिया तथा उन्होंने भाजपा संगठन को अपनी नियुक्ति के लिए आभार जताया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नायक, बिन्दु सिन्हा, जनपद सदस्य दुलारी साहू, स्निग्धा शर्मा, हेमलता साहू, भारती साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# भास्कर राव पांढरे को पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



छत्तीसगढ़ के युवा पत्रकार और शोधकर्ता भास्कर राव पांढरे ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा संस्कृत विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में कोमाखान के निवासी डॉ. पांढरे ने प्रोफेसर डॉ. रामकिशोर मिश्र के मार्गदर्शन में सामवेदीय देवोपासनायाः वर्तमान सन्दर्भ अनुशीलनम विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया है। उनकी मौखिक परीक्षा रायपुर विश्वविद्यालय के पाणिनी सभागार में आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता श्री लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के वेद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र मिश्रा ने की। इस अवसर पर कई प्रमुख विद्वान और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि डॉ. पांढरे को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सामवेद के इकलौते विद्वान के रूप में जाना जाता है। इससे पहले भी उन्हें तिरुपति वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा सामवेद पर किए गए उनके शोध के लिए विशेष सम्मान मिल चुका है। वे पत्रकारिता और ज्योतिष के क्षेत्र में भी कई बार सम्मानित हो चुके हैं। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर उनके परिवार, दोस्तों और बौद्धिक वर्ग में खुशी की लहर है। पत्रकार संघ के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों, जिनमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद जैसे कई जनप्रतिनिधि शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है।

